जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0/सा0प्र0/6507/2024 दिनांकः 20 जून, 2024

शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध

सेवा में,

01. निदेशक शैक्षणिक,
विश्वविद्यालय परिसर।

02. प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक,
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

विषयः–शैक्षणिक सत्र 2024–25 से "समर्थ" ई0आर0पी0 के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के पत्र संख्याः 1408/सत्तर–3–2024, दिनांकः 19 जून, 2024 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से **शैक्षणिक सत्र 2024–25 से "समर्थ" ई0आर0पी0 के प्रभावी क्रियान्वयन के दृष्टिगत** विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों को प्रशिक्षण प्रदान करने के क्रम में भौतिक रूप से 01 ओरिएन्टेशन कार्यक्रम आयोजित करते हुए ओरिएन्टेशन कार्यक्रम की तिथि से शासन को अवगत कराने के निर्देश प्रदान किये गये हैं।

तत्क्रम में माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्य को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने महाविद्यालय के 01 प्राध्यापक को "समर्थ" ई0आर0पी0 का नोडल अधिकारी तथा 01 कम्प्यूटर आपरेटर नामित करते हुए उनकी सूचना विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। साथ ही शैक्षणिक सत्र 2024–25 से "समर्थ" ई0आर0पी0 के प्रभावी क्रियान्वयन के दृष्टिगत दिनांकः 24 जून, 2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन अवस्थित सभागार कक्ष में ओरिएन्टेशन कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित किया गया है, जिसमें प्रत्येक महाविद्यालय के "समर्थ" ई0आर0पी0 के नोडल अधिकारी तथा कम्प्यूटर आपरेटर को अनिवार्यरूपेण प्रतिभाग किया जाना है। अन्यथा की दशा में सम्बन्धित महाविद्यालय की शैक्षणिक सत्र 2024–25 किसी भी प्रकार की गतिविधियाँ संचालित नहीं हो सकेंगी, जिसकी जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

(एस0एल0पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थः–

01. माननीय कुलपति जी।
02. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3(समर्थ सेल), उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
03. समर्थ सेल के समन्वयक एवं सदस्यों को उपरोक्तानुसार तैयारी सहित उपस्थित होने हेतु।
04. प्रभारी वेबसाईट को विश्वविद्यालय वेबसाईट एवं कालेज लागिन पर अपलोड करने हेतु।
05. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव